जागरण

जिले से स्वस्थ भारत यात्रा को केन्द्रीय मंत्री ने किया रवाना

24 Dec 2018

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर 16 अक्टूबर विश्व खाद्य दिवस से पूरे देश में सही खानपान, गैर संचारी रोगों एवं कुपोषण के प्रति जागरूकता के जरिए ध्यान आकृष्ट करन

जागरण संवाददाता, बक्सर : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर 16 अक्टूबर विश्व खाद्य दिवस से पूरे देश में सही खानपान, गैर संचारी रोगों एवं कुपोषण के प्रति जागरूकता के जरिए ध्यान आकृष्ट करने के मकसद से साइकिल यात्रा के जरिए शुरू हुई स्वस्थ भारत यात्रा को सोमवार को किला मैदान से यूपी के गाजीपुर के लिए रवाना किया गया। केन्द्रीय परिवार एवं कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने स्वस्थ भारत यात्रा को झंडी दिखा किला मैदान से रवाना किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्रीय मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वहीं, स्वागत भाषण जिलाधिकारी राघवेन्द्र ¨सह ने दिया। इस दौरान अपने उद्बोधन में केन्द्रीय मंत्री ने भारत सरकार के आमजनों के स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति कृत संकल्पता को उद्धृत किया। साथ ही आयुष्मान भारत के अंतर्गत आमजनों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बच्चों को जंक फूड से बचने की सलाह दी तो आज से ही थोड़ा कम तेल, थोड़ा कम नमक एवं थोड़ा कम चीनी का प्रयोग करने से संबंधित संकल्प उपस्थित लोगों को दिलाया। उन्होंने स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग की महत्ता पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। मंत्री ने कहा कि 27 फरवरी को इस यात्रा का समापन नई दिल्ली में होगा। इससे पूर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आज कल लोगों की जीवनशैली आरामतलबी एवं लापरवाह खानपान की होती जा रही है, जिसकी वजह से वे कम उम्र में ही खतरनाक रोगों के शिकार होते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शारीरिक श्रम कम करने एवं कम पौष्टिक आहार का सेवन करने के चलते उनकी कार्यक्षमता पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के जरिए लोगों को तेल, चीनी एवं नमक के अतिशय प्रयोग से होने वाली हानियों के बारे में बताया जा रहा है। मिलावटी खाद्य पदार्थों के कारण भी लोग असाध्य रोगों के शिकार होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके बारे में साइकिल यात्रा के

साथ चल रहे वाहनों के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर सिविल सर्जन डॉ.किरण कुमार लाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर उप विकास आयुक्त अरविन्द कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय, कर्नल विनोद गुप्ता, प्रभारी विशेष कार्य पदाधिकारी, एनसीसी के कैडेट एवं विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।